(ख) सरकार ऐसे मामलों को निपटाने के लिए क्या कदम उठा रही है अथवा उठाने का विचार रखती ; और

(ग) गुजरात में, विशेष रूप से साबरकांठा जिले और मोडासा तालुक में ऐसे मामलों की संख्या कितनी है और इन्हें कब तक निपटा दिए जाने की संभावना है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्रीमती मेनका गांधी) : (क) और (ख) इस मंत्रालय में सिंचाई और बहुउद्देशीय परियोजनाओं के लिए वन भूमि को उपयोग में लाने के केवल 15 प्रस्ताव लंबित हैं । ऐसे मामलों की राज्यवार सूची तथा उनकी वर्तमान स्थिति अनुबंध में दी गई है । [देखिये परिशिष्ट 153, अनुपत्र संख्या 38]

(ग) गुजरात राज्य के पंचमहल जिले का केवल एक प्रस्ताव लंबित है जिस पर निर्णय लेने के लिए कार्रवाई की जा रही है । साबरकांठा जिले और मोडासा तालुक का कोई मामला इस मंत्रालय में लंबित नहीं है ।

कामकाजी माताओं के लिए चलते फिरते शिशुगृह के व्यवस्थापकों द्वारा सरकारी निधियों का दुरुपयोग

@919. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एक संसद सदस्य द्वारा कामकाजी माताओं के लिए चलाए जा रहे चलते फिरते शिशुगृह 5-बी टेलीग्राफ लैन, नई दिल्ली के संयोजकों द्वारा सरकारी निधियों के दुरुपयोग किए जाने, जिसमें करोड़ों रुपए का घोटाला शामिल है, के संबंध में केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पास एक शिकायत दर्ज की गई है, किन्तु इस मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा कोई कार्रवाही नहीं की गई है ;

(ख) क्या सरकार केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा मामले की समुचित जांच कराने के आदेश देने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) से (ग) शिकायत मिल गई हैं और केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा इसकी जांच की जा रही है ।

Special emphasis to employment generation

@@920. DR. RATNAKAR PANDEY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

■

(a) whether any special emphasis is being given to employment generation under the 8th Five Year Plan period; and

(b) if so, what specific guidelines have been adopted to ensure in laying down development schemes that employment generation is not sacrificed, for increasing production and modernisation of industry?

THE PRIME MINISTER (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): (a) and (b) The Planning Commission has set employment generation as a major objective in its approach to Eighth Five Year Plan. Eighth Five Year Plan is, however, at the stage formulation. Guidelines and policies in this regard, will be incorporated in the Plan document.

@ ©Previously Unstarred Question 484, transferred from the 16th March, 1990.

@पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 132, 14 मार्च, 1990 से स्थानांतरित ।